# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्र: एफ–15 / शोध / परिपत्र / मदसविवि / 2018 / 9395. दिनांक :20.04.2018

## परिपत्र

विश्वविद्यालय में पी.एच.डी. शोधोपाधि हेतु शोध पात्रता परीक्षा RET 2017 जिन विषयों में आयोजित की गई थी उनमें अभ्यर्थियों के लिए शोध पर्यवेक्षक आवंटन किये जाने हेतु विश्वविद्यालय के अध्यादेश 124 के प्रावधानों के अन्तर्गत शोध पर्यवेक्षक आवंटन समिति (RSAC ) की बैठकों का आयोजन किया जाना है। शोध पर्यवेक्षक आवंटन हेतु विभिन्न विषयों के ऐसे शोध पर्यवेक्षक जिनके पास वर्तमान में शोध पंजीयन हेतु स्थान रिक्त है, उनका विवरण भी वेबसाईट पर जारी किया जा रहा है।

इस विश्वविद्यालय के अध्यादेश 124 के प्रावधानान्तर्गत प्रत्येक पात्र अभ्यर्थी को शोध पर्यवेक्षक आवंटित कराये जाने हेतु निर्धारित आवेदन पत्र (सलंग्न Appendix-III) में आवेदन करना होगा। **आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.mdsuajmer.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है। यह आवेदन पत्र विश्वविद्यालय के शोध अनुभाग मे भी उपलब्ध होगा ।**

**शोध पर्यवेक्षक आवंटन हेतु केवल पात्र अभ्यत्रियों को ही आवेदन किया जाना है जिसकी सूचना विश्वविद्यालय द्वारा अभ्यर्थी के मोबाइल पर मेसेज (एस.एम.एस.) के माध्यम से प्रेषित की जा रही है। उनके अतिरिक्त कोई अन्य अभ्यर्थी आवेदन ना करें। यदि कोई आवेदन करता है तो वह मान्य नहीं होगा।** RET 2017 से सम्बन्धित पात्र अभ्यर्थी निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर अवश्य ध्यान दें:–

01. पात्रताधारी अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा है कि वे प्रार्थना पत्र भरने से पूर्व निम्नलिखित दस्तावेजों एवं प्रावधानों का (जो सुलभ संदर्भ के लिये वैब साईट पर पृथक से अपलोड हैं) ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें और समझ लें :–

    (a) विश्वविद्यालय के अध्यादेश 124 के संबंधित प्रावधान ।
    (b) शोध हेतु उपलब्ध शोध पर्यवेक्षक, विषय एवं शोध क्षेत्र तथा शोध केन्द्र पर उपलब्ध सुविधाएं ।

    उक्त सूचना के आधार पर ही आप तय करें कि आप अपने विषय के किस शोध क्षेत्र पर शोध कार्य करना चाहते हैं। शोध का संभावित शीर्षक/क्षेत्र और **शोध पर्यवेक्षक का उल्लेख अपने आवेदन पत्र में वरीयता क्रम में स्पष्ट रूप से लिखें।**

02. अभ्यर्थियों को एतदर्थ सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र सही प्रकार भरकर, अपने निम्नांकित **मूल दस्तावेजों** सहित निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होंगे जिसके लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। इसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे, जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे:–

    (a) सीनियर सेकेण्डरी परीक्षा की अंक तालिका
    (b) स्नातक परीक्षा की अंक तालिका
    (c) स्नातकोत्तर परीक्षा की अंक तालिका
    (d) नेट / सेट / गेट / टीचर फेलोशिप का प्रमाण पत्र ।
    (e) एम.फिल. (यू.जी.सी. अधिनियम 2009 के अनुसार ) की अंकतालिका
    (f) आरईटी 2017 से छूट का प्रमाण पत्र
    (g) सेवारत हों तो, नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र ( सरकारी, गैर सरकारी, निजी सेवा में कार्यरत समस्त अभ्यर्थी को यह अनापत्ति पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है अन्यथा पीएच.डी. में प्रवेश दिया जाना सम्भव नही होगा )

(h) किसी विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय में नियमित चयन प्रकिया से चयनित शिक्षक होने का प्रमाण पत्र

(i) यू.जी.सी. / सी.एस.आई.आर. फेलोशिप का प्रमाण पत्र

(j) RET 2017 की परीक्षा का परिणाम ।

(k) शारीरिक विकलांगता का प्रमाण पत्र ।

(l) अन्य कोई भी महत्वपूर्ण दस्तावेज जो RET 2017 के आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया गया हो ।

03. अभ्यर्थी को दस्तावेज के सत्यापन हेतु स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है। दस्तावेजों के दो सेट लाने होंगे ( 1 मूल एवं 1 स्वयं द्वारा सत्यापित प्रति जिसे शोध अनुभाग में जमा कराना होगा)

04. वरीयता सूची अस्थाई है एवं मूल दस्तावेज सत्यापन के पश्चात् अन्तिम वरीयता सूची भी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रकाशित कर अपलोड कर दी जायेगी ।

05. दस्तावेजों का सत्यापन पीएच.डी. में प्रवेश की गारन्टी प्रदान नही करता है। प्रवेश प्रत्येक विषय में रिक्त स्थान एवं शोध पर्यवेक्षक की उपलब्धता पर निर्भर करेगा ।

06. मेरिट लिस्ट में अंक प्रदान करने हेतु वो ही दस्तावेज मान्य है जो कि RET 2017 के आवेदन पत्र में अभ्यर्थी द्वारा दर्शाये गये थे ( अर्थात जो सूचना अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 10.11.2017 जो RET 2017 परीक्षा में आवेदन की अन्तिम तिथि थी)। यह स्पष्ट रहे कि दिनांक 10.11.2017 से पूर्व के दस्तावेज ही मान्य है।

07. पीएच.डी. में प्रवेश राज्य सरकार की आरक्षण नीति एवं विश्वविद्यालय में लागू प्रवेश नीति के आधार पर दिया जायेगा । विषयवार वर्गवार उपलब्ध सीटों का विवरण अलग से अपलोड किया जा रहा है।

08. विषयवार दस्तावेज के सत्यापन के पश्चात् यदि कोई अभ्यर्थी प्रवेश हेतु अपात्र पाया गया तो ऐसे अपात्र अभ्यर्थियों की सूची भी विषयवार घोषित की जावेगी एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड की जाएगी ।

09. विश्वविद्यालय द्वारा मूल दस्तावेजों के सत्यापन की विषयवार समय सारिणी निम्नानुसार निर्धारित की गई है।

| क्र. स. | विषय | दिनांक व समय |
|---|---|---|
| 01. | प्रबंध अध्ययन, राजनीति विज्ञान, विधि, लोक प्रशासन, शिक्षा | 24.04.2018 11.00 AM |
| 02. | हिन्दी, भूगोल, अंग्रेजी, समाज शास्त्र, उर्दू , चित्रकला, संस्कृत | 25.04.2018 11.00 AM |
| 03. | वनस्पति शास्त्र, प्राणी शास्त्र, कम्प्यूटर विज्ञान, | 26.04.2018 11.00 AM |
| 04. | रसायन शास्त्र | 27.04.2018 11.00 AM |
| 05. | जनसंख्या अध्ययन, गणित, सूक्ष्मजीव विज्ञान, भौतिक शास्त्र, पर्यावरण अध्ययन, खाद्य एवं पोषण विज्ञान | 28.04.2018 11.00 AM |

20/4/18

सहायक कुलसचिव (शोध)

क्र: एफ–15 / शोध / परिपत्र / मदसविवि / 2018 / 9396 – 750. दिनांक 20.04.2018

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. समस्त संबन्धित अभ्यर्थीगण ।
2. वेब एडमिनिस्ट्रेटर, मदसविवि, अजमेर को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु ।
3. निजी सचिव– माननीय कुलपति, मदसविवि, अजमेर।
4. कुलसचिव, म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर।
5. RET 2017 पत्रावली ।

20/4/18

सहायक कुलसचिव (शोध)